**JAIN COLLEGE, J C Road, Bangalore**

**Mock Paper – 1, December - 2017**

**II PUC – Hindi (03)**

**समय: 3:15 मिनट** | **कुल अंक:100**

**सूचना:** i) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।

ii) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।

**I अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य मै लिखिए।:** **6X1=6**

1. मनुष्य के कुकर्मों पर कौन हँसने लगे हैं?
2. लेखिका की बडी बहन का नाम लिखिए?
3. विश्वेश्वरय्या का पूरा नाम लिखिए?
4. माँ क्या गाने लगी?
5. भोलाराम ने दरख्वास्त पर क्या नहीं रखा था?
6. लेखिका जापान किस हेतु गई थीं?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए।:** **3X3=9**

7. समाज में कौन–कौन सी समस्याँए बढ रही हैं?
8. जापान के रेलवे स्टेशन और रेल–यात्रा के बारे में लेखिका क्या कहती है?
9. अंग्रेजी–जहाज बीच समुद्र में डूबते समय पुरुषों ने कैसे अपना धर्म निभाया?
10. मनुष्य का परम धर्म क्या है? उसकी रक्षा कैसे करनी चाहिए?
11. भोलाराम की पत्नी ने नारद से भोलाराम के संबंध में क्या कहा?

**II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे?** **4X1=4**

12. 'हमारे–आपके घरों की लड़कियों को शोभा देता है यह सब?'
13. 'वह जरूर बना देंगी। आप उसे देखकर खुश होंगे।'
14. 'महाराज रिकार्ड सब ठीक है।'
15. 'दिन भर एक न एक खुचड निकालते रहते है'।

**आ) निम्नलिखित में से किन्ही दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए।:** **2X3=6**

16. 'अच्छा तुम्हारे सामने यह ढेर है। इसमें से जितना अनाज उठाकर ले जा सको, ले जाओ।'
17. 'जिधर देखो उधर कर्त्तव्य ही कर्तव्य देख पड़ते है।'
18. 'पतन की जब पराकाष्ठा हो जाती है तभी पुनः उत्थान की किरणें फूटती है।'
19. 'इन्हे पिछवाड़े इनकी सहेली के घर भेज दो।'

**III अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए।:** **6X1=6**

20. रैदास किस राज्य की कामना करते हैं?
21. श्रीकृष्ण के कान में किस आकार का कुण्डल है?
22. बेटी सोने के गहने क्यों नहीं चाहती?
23. कवि नरेन्द्र शर्म मनुष्य को किसके बल पर जीतने को कहते हैं?
24. कवि ने बूढा चौकीदार किसे कहा है?

25. कवि का क्या मकसद नहीं है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। :** **2X3=6**

26. सूरदास ने माखनचोरी प्रसंग का किस प्रकार वर्णन किया है?
27. कवि नरेन्द्र शर्मा ने प्रतिहिंसा और कायरता के संबंध में क्या कहा है?
28. वृक्ष न दिखने पर कवि उसकी यादों में कैसे खो गये?
29. पंजाब केसरी की महत्ता प्रकट कीजिए।

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए।:** **2X4=8**

30. रहिमन विद्या बुद्धि नहिं, नहीं धरम, जस, दान।
भू पर जनम वृथा धरै', पसु बिनु पूँच विषान।

अथवा

जमुना तट देखे नँद नँदन।
मोर–मुकुट मकराकृत–कुंड्ल, पीत–बसन तन चंदन।
लोचन तृप्त भए दरसन तैं उर की तपनि बुझानी।
प्रेम–मगन तब भई सुंदरी, उर गद्गद, मुख–बानी।

31. तेरी रक्षा का न मोल है,
पर तेरा मानव अमोल है,
यह मिटता है, बह बनता है,
यही सत्य की सही तोल है।

अथवा

वे मुस्काते फूल, नहीं–
जिनको आता है मुरझाना,
वे तारों के दीप, नहीं–
जिनको भाता है बुझ जाना;

**IV** **अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए।:** **5X1=5**

32. व्यक्ति किन गुणों से बड़ा होता है?
33. बरगद के पेड की कहानी किनका निर्माण करती है?
34. बेला के अनुसार परिवार की सदस्या उससे किस प्रकार डरती है?
35. संस्कृत के महाकवि कौन है?
36. पिता क्या सहन नहीं कर सकता?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। :** **2X5=10**

37. i) दादाजी किस अभिप्राय से सबको बुलाया और क्या कहा?
अथवा
ii)बेला अपने मायके क्यों जाना चाहती थी?
38. i) ग्लानी और जीवन के सम्बन्ध में श्रीधर के क्या विचार है?
अथवा
ii) प्रायश्चित को लेकर पिता और पुत्र के बीच हुए संवाद को लिखिए।

**V** **अ) वाक्य शुद्ध कीजिए।:** **4X1=4**

39. i) मेरा तो प्राण ही सूख गया।
ii) आज गाड़ी में बहुत भीड़ था।

iii) वह रंगीन चित्र देख रहे हैं।

iv) आज मैं प्रातः काल के समय वहाँ गया।

**आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए।:** **4X1=4**

**(का, के, में, पर)**

40. i) हम लोग बाग ____घूमेंगे।

ii) वह घर ____ ही था।

iii) उसने समझाने ____ प्रयास किया।

iv) साधारण लोगों ____ यही विचार है।

**इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए।:** **3X1=3**

41. i) माँ कुछ बड़बड़ा रही थी। (भविष्यत काल मै बदलिए)

ii) नारद हँसकर बोलेंगे। (वर्तमानकाल में बदलिए)

iii) रघुवीर कुश्ती लड़ता है। (भूतकाल में बदलिए)

**ई) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए।:** **4X1=4**

| | |
|---|---|
| 42. i) आँच न आने देना | a)कोई शरारत करना |
| ii) खून सफेद होना | b)दुष्ट प्रवृत्तिवाला |
| iii) काला नाग | c)हानि न होने देना |
| iv) गुल खिलाना | d)दूर होना |

**उ) अन्य लिंग रूप लिखिए। :** **3X1=3**

43. i) तेली ii) यशस्वि iii) राष्ट्रपति

**ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।:** **3X1=3**

44. i) जो समय बीत चुका है।

ii)जो परिचित न हो।

iii)जो किसी पर आधारित हो।

**ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए।:** **2X1=2**

45. i) बोध ii) शोधन

**ऐ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए। :** **2X1=2**

46. i) राष्ट्रीय ii) निश्चय

**VI** **अ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।:** **5X1=5**

47. i) a) इंटरनेट की दुनिया

b)समाज सेवा

c)सहशिक्षा

अथवा

ii)सर्दी के मौसम में खतरनाक बीमारियों से बचने के प्रति सावधान होने के तरीके बताते हुए अपनी छोटी बहन के नाम पत्र लिखिए।

**आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।:** **5X1=5**

48. संसार का प्रत्येक धर्म दया और करुणा का पाठ पढाता है। हर धर्म सिखाता है कि जीव पर दया–भाव रखो और कष्ट में फँसे इंसान की सहायता करो। परोपकार की भावना ही सबसे बडी मनुष्यता है। परोपकार की भावना रखनेवाला न तो अपने – पराए का भेद भाव रखता है और न ही अपनी हानि की परवाह करता है। दयावान किसी को कष्ट में देखकर चुपचाप नहीं बैठ सकता। उसकी आत्मा उसे दुखी प्राणी के लिए कुछ करने को मजबूर करती है। अगर कोई किसी पर अत्याचार करे या

बेकसूर को यातना दे, तो हमारा कर्त्तव्य बनता है कि हम बेकसूर का सहारा बनें। न्याय व धर्म की रक्षा करना सदा से धर्म है। दया–भाव विहीन मनुष्य भी पशु समान ही होता है, जो दूसरों की रक्षा करते है, वे इस सृष्टि को चलाने में भगवान की सहायता करते हैं। धर्म का मर्म ही दया है। दया–भाव से ही धर्म का दीपक सदा प्रज्वलित रहता है। प्रश्न

क) संसार का हर धर्म किसका पाठ पढ़ाता है?
ख) सबसे बडी मनुष्यता क्या है?
ग) दयावान व्यक्ति कब चुपचाप नहीं बैठ सकता?
घ) न्याय व धर्म की रक्षा करना क्या है?
ङ) सृष्टि को चलाने में भगवान की सहायता कौन करते हैं?

**इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए।** **5X1=5**

49. i) We have determined to finish our work by next Saturday.
ii) Do not blame others for your own mistakes.
iii) We should respect our nation.
iv) Kamba Ramayana was written by poet Kamba.
v) Where there is a will there is a way.

JAIN COLLEGE, J C Road, Bangalore

Mock Paper – 2, December - 2017

II PUC – Hindi (03)

**समय: 3:15 मिनट** **कुल अंक:100**

---

**सूचनाः** i) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।

ii) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।

**I अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए।: 6X1=6**

1. गंगा मैया ने किसे सर्वशक्तिमान कहा है?
2. पिताजी रसोई घर को क्या कहते थे?
3. नौकरी से निवृत्त होने के बाद विश्वेश्वरय्या किस राज्य के सलाहकार के रूप में नियुक्त हुए?
4. माँ मन ही मन किसके उज्ज्वल–भविष्य की कामनाएँ करने लगी?
5. भोलाराम को पाँच साल से क्या नहीं मिला?
6. 'पानी' के लिऐ जापानी भाषा में कौन–सा शब्द है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए।: 3X3=9**

7. सुजान भगत को सबसे अधिक क्रोध बुलाकी पर क्यों आता है?
8. गंगा मैया का कुर्सी से क्या अभिप्राय है?
9. शीला अग्रवाल का लेखिका पर क्या प्रभाव पड़ा?
10. चित्रगुप्त ने धर्मराज से क्या कहा?
11. ओसाका के किले का चित्रण कीजिए।

**II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे? 4X1=4**

12. 'आइ एम रिअली प्राउड आफ यू।'
13. 'माँ का क्या होगा'?
14. 'गरीबी की बीमारी थी।'
15. 'धरम के काम मे मीन–मेष निकालना अच्छा नही'।

**आ) निम्नलिखित में से किन्ही दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए।: 2X3=6**

16. 'आदमी को चाहिए कि जैसा समय देखे वैसा काम करे।'
17. 'सत्य बोलने ही से समाज में हमारा सम्मान हो सकेगा और हम आनंदपूर्वक हमारा समय बिता सकेंगे।'
18. 'साधु–संतों की वीणा से तो और अच्छे स्वर निकलते है।'
19. 'यहां तो डेंटिस्ट मक्खी मारते होंगे।'

**III अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए।: 6X1=6**

20. रैदास अपने आपको किसका सेवक मानते है?
21. श्रीकृष्ण के अनुसार किसने सब माखन खा लिया?
22. कवि नरेंद्र शर्मा किसके सामने आत्मसमर्पण न करने के लिए कहते है?

23. हवा को क्या हो जाने से बचाना है?

24. भजन भाव में किसकी वाणी जैसा धीर है?

25. कवि का क्या मकसद नहीं है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। :** **2X3=6**

26. वाणी को क्यों संयत रखना चाहिए?

27. वृक्ष न दिखने पर कवि उसकी यादों में कैसे खो गये?

28. बिहार राज्य की भव्यता का वर्णन कीजिए।

29. 'हो गई है पीर पर्वत सी' ग़ज़ल से पाठकों को क्या संदेश मिलता है?

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए।:** **2X4=8**

30. ऊधौ हम आजु भई बड़–भागी।
जिन आँखियन तुम स्याम बिलोके, ते आँखियाँ हम लागी।
जैसे सुमन–बास लै आवत, पवन, मधुप अनुरागी।

अथवा

अति अगाधु, अति औथरौ, नदी, कूप, सरू, बाइ।
सो ताकौ सागरू जहाँ, जाकी प्यास बुझाइ।।

31. ऐसा तेरा लोक, वेदना
नहीं, नहीं जिसमें अवसाद,
जलना जाना नहीं, नही–
जिसने जाना मिटने का स्वाद।

अथवा

सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं,
मेरी कोशिश है कि सूरत बदलनी चाहिए।

**IV** **अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए।:** **5X1=5**

32. दादाजी किसके हक में हैं?

33. 'सूखी डाली' के एकांकीकार का नाम लिखिए।

34. व्यक्ति किन गुणों से बड़ा होता है?

35. भारवि के अनुसार क्या जघन्य पाप है?

36. भारती ने भारवि को कहाँ देखा था?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।:** **2X5=10**

37. दादाजी की क्या आकांक्षा थी?

अथवा

बेला की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

38. भाराvि अपने पिता से किस प्रकार का दण्ड चाहा और उसे क्या दण्ड मिला?

अथवा

**टिप्पणी लिखिए।:**

1. आभा 2. भारती

**V** **अ) वाक्य शुद्ध कीजिए।:** **4X1=4**

39. i) कृपया से मेरा नाम भी लिख लीजिए।
ii) क्या यह संभव हो सकता है?
iii) इस बात में कोई बुराइयाँ नहीं।

iv) तुम्हारे ऊपर इसका भार है।

**आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए।:** **4X1=4**

(ने, का, से, को)

40. i) अपने जन्म ____समय स्थान बताओ।

ii) ईर्ष्या खुद ____ जलाती है।

iii) राम ____ बछिया को हटाया।

iv) तोक्यो ____ ओसाका जाना है।

**इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए।:** **3X1=3**

41. i) सोहन हमेशा याद रखता है।(भविष्यत काल में बदलिए)

ii) कमला कविताएँ लिखती थी।(वर्तमानकाल में बदलिए)

iii) सिद्धार्थ कुछ अपूर्व अनुपम लाते हैं।(भूतकाल में बदलिए)

**ई) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए।:** **4X1=4**

| | |
|---|---|
| 42. i) टाल मटोल करना | a)निंदा करना |
| ii) छींटे कसना | b)बहाने बनाना |
| iii) पेट में दाढी होना | c)मोहित होना |
| iv) मंत्र मुग्ध होना | d)बहुत चालाक होना |

**उ) अन्य लिंग रूप लिखिए। :** **3X1=3**

43. i) बंदर

ii) भंगी

iii) मच्छर

**ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।:** **3X1=3**

44. i)दोपहर के बाद का समय।

ii)जो बाद में अधिकारी बने।

iii)जो दिखाई न दे।

**ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए।:** **2X1=2**

45. i) बल ii)रक्षण

**ऐ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए।:** **2X1=2**

46. i) दूधवाला ii) लघुता

**VI अ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।:** **5X1=5**

47. i)जीवन में अहिंसा का महत्त्व

ii)खेल जगत में क्रिकेट का स्थान

iii)मेरा जीवन लक्ष्य

अथवा

अपने गाँव में औषधालय खोलने की आवश्यकता बताते हुए जिलाधीश के नाम एक प्रार्थना पत्र लिखिए।

**आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। :** **5X1=5**

48. बागवानी का शौक प्रायः सभी लोगों को होता है। कुछ लोग घर के पीछे बगीचे में या आँगन में पौधे लगाते हैं। जिनके पास जमीन नहीं होती, वे गमलों में पौधे लगाते हैं। कुछ लोग गुलाब, जूही, चंपा, चमेली आदि रंग–बिरंगे फूलों के ही पौधे लगाते हैं और कुछ क्यारियों में साग–सब्जियों के पौधे भी उगाते हैं। जिनके पास जमीन ज्यादा होती है, वे नींबू, आम, अमरुद, जामुन आदि के पेड़ भी लगाते हैं। बागवाली करनेवालों को अपने पेड़–पौधों से बहुत प्यार होता है। वे बड़े प्यार से उनकी देखरेख करते हैं। बागवानी के कई लाभ हैं। इनसे हमे शुद्ध हवा तो मिलती ही है, साथ ही फल, फूल, सब्जियाँ भी मिलती है।

प्रश्नः

क) हम गमलों में क्या क्या उगाते है?

ख) गमले में खिलनेवाले चार फूलों के नाम बताएँ ।

ग) तीन फूलों के वृक्षों के नाम बताएँ

घ) जिनके पास जमीन ज्यादा होती है वे कौन–कौन से पेड–पौधे लगा सकते है?

ङ) हमें पेडों से क्या–क्या मिलता है?

**इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए।:** **5X1=5**

49. i) Bhagat Singh was a great patriot.

ii) The airoplane has landed at B'lore airport.

iii) He is from well-to-do family.

iv) Ramanujam was a great Mathematician.

v) Youths are valuable asset of nation.